अपने कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है तथा इसके क्या कारण है; और

(घ) क्या वेतन के भुगतान के लिए किसी *प्रकार की शर्तें लगाई गई थीं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?*

श्रम, रोज़गार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा की मेज़ पर रख दी जायगी।

संयुक्त अरब गणराज्य को चावल का आयात

4388. **श्री श्रीचन्द गोयल** :
श्री हुकमचन्द कछवाय :
श्री भारत सिंह चौहान :

क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त अरब गणराज्य से चावल का आयात करने का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां तो वित्तीय वर्ष 1969-70 में चावल की कितनी मात्रा का आयात किया जा रहा है और उसका मूल्य कितना है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). 18 फरवरी, 1969 को हुए ठेके के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 1969-70 में संयुक्त अरब गणराज्य से लगभग 60,000 मीटरी टन चावल का आयात किया जा चुका है। दोनों देशों के बीच हुए व्यापार प्रबन्धों के अधीन जन, 1970 तक संयुक्त अरब गणराज्य *से 65,000 मीटरी टन चावल आयात करने* का विचार है। संयुक्त अरब गणराज्य से आयात सरकार से सरकार के आधार पर है और संयुक्त अरब गणराज्य को चावल के लिये जो मूल्य दिया जा चुका है अथवा जो भविष्य में दिया जायेगा, उसे बताना जन हित में नहीं होगा।

बाढ़ के कारण बिहार में भादई और अगहनी फसलों का विनाश

4389. **श्री लखन लाल कपूर** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार के पूर्णिया जिले में बराई और अमराबाद स्थान गंगा और महानन्दा नदियों में भंयकर बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए थे और भादई और अगहनी फसल बिल्कुल नष्ट हो गई थी ;

(ख) *क्या यह भी सच है कि सरकार द्वारा उपयुक्त व्यवस्था के अभाव में उक्त क्षेत्रों में अकाल और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ;*

(ग) क्या यह भी सच है कि भूख से निम्नलिखित व्यक्ति मर गये :

(1) स्वर्गीय श्री गुलटन की पत्नी श्रीमती सरबतिया, गांव मंडॅल, बठमड़ा ;

(2) पंचू मुशहर, गांव गुगाछी ;

(3) श्रीमती बसंती देवी, गांव बालु-आघई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे): (क) जी हां। इस वर्ष गंगा की भारी बाढ़ों से बरारी और अहमदाबाद प्रभावित हुए थे। परन्तु, महानन्दा नदी में बाढ़ नहीं आई थी। उपरोक्त अंचल के दियारा क्षेत्र में भादई फसल को आंशिक हानि हुई। अगहनी फसल को कोई विशेष हानि नहीं हुई।

(ख) जी नहीं। इस स्थिति का सामना करने के लिए राज्य सरकार ने पर्याप्त कदम उठाए हैं।

(ग) जी नहीं। राज्य सरकार ने जांच-पड़ताल के पश्चात् इन आरोपों को निराधार पाया है।